Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-05-2007

Participants : Kaushal Shri Raghuvir Singh

Title: Need to take steps for improving the quality of BSNL mobile services in Kota, Bundi, Baran and other parts of Rajasthan.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा, बूंदी, बांरा एवं राजस्थान प्रदेश में भारत संचार निगम लिमिटेड, की मोबाइल सेल्युलर टेलीफोन सेवा की गुणवत्ता का स्तर बहुत अधिक गिर गया है। मोबाइल फोनों का मिलना बहुत कठिन हो गया हे, कई-कई बार मिलाने पर मिलता है, कई बार घंटों-घंटों नहीं मिल पाता है। मिल जाये तो आवाज ठीक से सुनाई नहीं देती, बात होते होते कट जाती है। कमरे के अंदर हों तो ठीक से बात नहीं होती। इस कमी का फायदा अन्य प्राइवेट कम्पनियां उठाकर, विज्ञापन द्वारा प्रसारित कर रही हैं।

आपके माध्यम से आग्रह है कि इस गुणवत्ता में आयी भारी गिरावट ठीक करवायी जाये।